/b>

Title: Need to provide adequate funds for desilting of Varuna river in Phulpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh with a view to check recurring floods.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे फूलपुर संसदीय क्षेत्र में प्रतिर्वा बरसात के दिनों में वरुणा नदी में जल भराव के कारण सैंकड़ों गांव जलमग्न हो जाते हैं। इस र्वा 2003 में बरसात के दिनों फूलपुर, हंडिया तहसील के अंतर्गत सैंकड़ों गांव पानी में डूब गये। सैंकड़ों मवेशी मर गये। पांच छह व्यक्तियों के मकान ढह जाने से उनकी मृत्यु हो गई । सैंकड़ों घर धराशायी हो गये। हजारों परिवारों के सड़क पर आकर रहना पड़ा। हजारों परिवारों को खाद्य सामग्री, बिस्तर, चारपाइयां पानी में डूब गये। खेतों में पानी अब भी भरा हुआ है। लगी फसल को नहीं काट पा रहे हैं और गेहूं की बोवाई भी नहीं कर पा रहे हैं। पशुओं के लिये चारा भी नहीं है।

वरुणा नदी की सफाई न होने के कारण प्रतिर्वा इसी प्रकार का जल भराव होता है। इसकी सफाई होना अति आवश्यक है जोकि फूलपुर, इलाहाबाद से बनारस तक जाती है।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि इस र्वा 2003-2004 में वरुणा नदी की सफाई के लिये विश्व बैंक से अथवा केन्द्र सरकार स्वयं अपने बजट से धन मुहैया कराकर वरुणा नदी की सफाई हेतु धन उपलब्ध कराये जिससे अगले र्वा 2004 में बरसात के पूर्व सफाई का कार्य पूरा हो सके।